- फ्रिज के अंदर हवा का प्रवाह सही रहे इसके लिए ज़रूरी है कि आप उसमें अत्यधिक सामग्री नहीं भरें।
- बिना काम के रेफ्रिजरेटर के दरवाजे बार बार नहीं खोलें क्योंकि इससे बिजली की खपत बढ़ती है।
- गर्म खाद्य सामग्री को फ्रिज में तभी रखें, जब उसका तापमान सामान्य हो जाए और हमेशा ढककर रखें।

## सर्फिंग करते वक्त भी बचाएं बिजली

- जब आपका होम/ऑफिस इक्विपमेंट इस्तेमाल नहीं हो रहा हो तो उसे बंद कर दें। दिन में चौबीसों घंटे चलने वाला कंप्यूटर एक ऊर्जा दक्ष रेफ्रिजरेटर के मुकाबले अधिक बिजली की खपत करता है।
- कंप्यूटर, मॉनीटर और कॉपियर्स को स्लीप मोड में डालने से बिजली की खपत करीब 40 फीसदी कम करने में मदद मिलती है।
- अगर इस्तेमाल नहीं हो रहे हों तो लैपटॉप, मोबाइल फोन और डिजिटल कैमरे के चार्जरों के प्लग सॉकेट से निकालकर रखें।

## काम करते हुए बिजली बचाएं!

- जब आप काम कर रहे हों तो वहां कैपासिटर लगवाएं और उन्हें स्विच ऑन कर दें।
- सभी औद्योगिक, सार्वजनिक वॉटरवर्क्स और एलटी कॉमर्शियल संस्थान, जिनकी कॉन्ट्रेक्ट डिमांड 10 केवीए या इससे अधिक होती है उन्हें तो कैपासिटर बैंक ज़रूर इंस्टॉल कराने चाहिए।
- कंप्रेसरों, एयरकंडीशनिंग प्लांट्स का नियमित रखरखाव करें, जिससे उनकी दक्षता में सुधार होगा।
- मोटर, पंप इत्यादि के लिए उचित लोडिंग/साइज़िंग सुनिश्चित करें।



CESC
RAJASTHAN


**Bharatpur Electricity Services Limited**
(A franchisee of JVVNL & a wholly-owned subsidiary of CESC Limited)

**Corporate Office:**

CESC Rajasthan
R.K. Complex, Station Road (near Red Cross Circle), Bharatpur, Rajasthan – 321 001



***Published and printed by***

**Arijit Basu**
Deputy General Manager

E: besl@rp-sg.in

Website: www.cescrajasthan.co.in


RP-Sanjiv Goenka Group

CESC
RAJASTHAN




CESC
RAJASTHAN

- बिजली एक बहुत महत्वपूर्ण संसाधन है। इसका दक्षता से इस्तेमाल करना बहुत महत्वपूर्ण है और ऐसा सिर्फ वित्तीय बचत के लिहाज़ से ही नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी बहुत ज़रूरी है।
- आज बिजली की मांग काफी तेज़ी से बढ़ रही है। हमारे जैसे देश, जहां बिजली का उत्पादन कुल मांग से कम है, वहां हमेशा मांग और आपूर्ति के बीच अंतर बना रहता है। यह अंतर अक्सर पीक डिमांड के दौरान काफी बढ़ जाता है।
- बिजली का उत्पादन कोयला, पेट्रोलियम, पवन, सौर ऊर्जा, टाइडल वेव, बायोमास इत्यादि से किया जाता है। बिजली का दक्षता के साथ इस्तेमाल करने से उपर्युक्त संसाधनों का भी दक्षतापूर्ण उपयोग सुनिश्चित होता है और इससे पर्यावरण संरक्षण भी होता है।
- बिजली की खपत का सीधा संबंध इलेक्ट्रिकल एप्लायंसेज़ के इस्तेमाल के समय से होता है। जितने लंबे समय तक किसी एप्लायंस का इस्तेमाल किया जाएगा वह उतनी ही अधिक बिजली की खपत करेगा। इलेक्ट्रिकल एप्लायंसेज़ को रेटिंग वाट (W) या किलोवाट (KW) में दी जाती है। किसी एप्लायंस की जितनी अधिक किलोवाट रेटिंग होती है वह बिजली की खपत भी उतनी अधिक करता है।
- बिजली की खपत को यूनिट या किलोवाट ऑवर (kWh) में दिखाया जाता है। प्रत्येक यूनिट एक घंटे के दौरान इस्तेमाल की गई 1000 वाट बिजली को प्रदर्शित करती है।
- इस पुस्तिका में हम आपको कुछ बेहद आम सलाह दे रहे हैं, जिनका दैनिक जीवन में इस्तेमाल कर आप बिजली के बिल पर होने वाले खर्च में बचत करने के साथ ही पर्यावरण संसाधनों की भी बचत होगी।

## लाइटों का उपयुक्त इस्तेमाल करें

- जब ज़रूरत नहीं हो तो घर की लाइटें बंद रखें।
- नियमित तौर पर ट्यूब लाइटों और लैंप्स को साफ करें और 50 फीसदी बिजली बचाएं।
- फ्लोरेसेंट ट्यूब लाइट्स और सीएफएल का इस्तेमाल कर करीब 70 फीसदी तक बिजली बचाई जा सकती है और साथ ही अधिक रोशनी भी मिलेगी। इंकैंडेसेंट लैंप्स में गर्मी के रूप में 90 फीसदी बिजली बरबाद होती है।
- पारंपरिक ट्यूब लाइटों और कॉपर/एल्युमीनियम चोक्स की जगह टी5 (स्लिम) ट्यूब लाइटों और इलेक्ट्रॉनिक बैलेस्ट्स का इस्तेमाल करें।

## सीएफएल और एलईडी के मुकाबले इंकैंडेसेंट बल्ब का लोड

| इंकैंडेसेंट बल्ब | सीएफएल | एलईडी |
|---|---|---|
| ज़ीरो बल्ब (15 वाट) | 5 वाट | 2 वाट |
| 40 वाट | 8 वाट से 11 वाट | 3 वाट से 4 वाट |
| 60 वाट | 12 वाट से 15 वाट | 6 वाट |
| 100 वाट | 20 वाट से 23 वाट | 12 वाट |



## गर्मी से बचते हुए भी बचाएं बिजली

- हमेशा स्टार रेटिंग वाले एयरकंडीशनरों का ही इस्तेमाल करें।
- कमरे में लगे एयर कंडीशनर का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस (ग्रीन टैंपरेचर) पर रखें, जिससे कम लागत में आपको मिले अधिकतम आराम।
- एक अच्छा एयरकंडीशनर किसी भी कमरे को ठंडा और उसमें मौजूद नमी दूर करने में करीब 30 मिनट का समय लेता है। इसलिए हमेशा टाइमर लगाएं और एसी को कुछ देर के लिए बंद कर दें।
- जिस कमरे में एसी चल रहा हो उसके दरवाज़े बंद रखें।
- साफ फिल्टर एसी को जल्दी ठंडा करने में मदद करते हैं और बिजली की खपत भी कम होती है। एयरफिल्टर गंदा होने से एसी की हवा का प्रवाह कम हो जाता है और इससे एसी को नुकसान भी हो सकता है।

## खाना गर्म करते हुए भी बचाएं बिजली

- जल्दी और दक्षता के साथ कुकिंग करने के लिए माइक्रोवेव ओवन का इस्तेमाल करें।
- माइक्रोवेव में खाना गर्म करते समय बड़े और मोटे खाद्य पदार्थों को प्लेट में बाहर की ओर रखें।
- गंदी केतली को गर्म होने में समय लगता है। इसलिए नियमित तौर पर अपनी इलेक्ट्रिक केतली को गर्म पानी और सिरके के मिश्रण से साफ करें, जिससे उसमें जमा पदार्थ निकल जाएंगे।



## ठंडा करते हुए भी बचाएं

- अपने **रेफ्रिजरेटर** को गर्मी के सभी स्रोतों से दूर रखें और उसके आसपास निरंतर हवा प्रवाह रहे इसके लिए पर्याप्त जगह छोड़ें।
- यह निश्चित तौर पर जांच लें कि रेफ्रिजरेटर के दरवाजे की सील लीक नहीं हो रही हो। दरवाजे में एक कागज़ डालकर देखें अगर कागज़ फंस रहा है तो ठीक है लेकिन अगर कागज़ बंद दरवाजे में से आसानी से निकल रहा है तो दरवाजे की सील बदलें।